दिनांकः 20.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- पीएम विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराष्ट्र के वर्धा में राष्ट्रीय कार्यक्रम में करेंगे शिरकत–राजस्थान सहित विभिन्न राज्य वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से जुड़ेंगे।
- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा–राज्य में नई पर्यटन नीति जल्द लागू की जाएगी।
- 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर कतर की राजधानी दोहा में रोड शो आयोजित–राज्य से गए प्रतिनिधि मंडल ने निवेशकों को किया आमंत्रित।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेशभर में हो रही हैं कई जागरुकता गतिविधियां।

..................

पीएम विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराष्ट्र के वर्धा में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। श्री मोदी योजना के लाभार्थियों को प्रमाण–पत्र और ऋण वितरित करेंगे। इस कार्यक्रम से विभिन्न राज्य वीडियो कॉनफ्रेन्स के माध्यम से जुडेंगे। जयपुर में हो रहे कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी शामिल होंगी। वहीं बाड़मेर के रामसर में आयोजित कार्यक्रम में वाणिज्य और उद्योग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की ओर से चलाई जा रही पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत राज्य के लगभग सभी जिलों में प्रशिक्षण केन्द्र संचालित हैं। इनमें प्रशिक्षणार्थियों को ट्रेनिंग देकर विभिन्न विधाओं में कुशल बनाया जा रहा है। राज्य में 58 हजार 713 लोगों को अब तक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वहीं 3 हजार 159 का प्रशिक्षण चल रहा है।

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा लिये गये निर्णयों और किये गये प्रयासों के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

..................

राज्य में नई पर्यटन नीति जल्दी ही लागू की जाएगी। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर में पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि राजस्थान पर्यटन इकाई नीति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए पर्यटन विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं और अन्य घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा की गई। इस दौरान 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट–2024' के आयोजन से पहले 8 अक्टूबर को जयपुर में आयोजित होने वाली प्री–समिट में पर्यटन विभाग की भूमिका के निर्वहन की कार्ययोजना पर चर्चा तथा पर्यटन विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा हुई। दिया कुमारी ने बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए बताया कि प्री–समिट में आने वाले स्टेकहोल्डर्स को राजस्थान में पर्यटन के क्षेत्र में अपार सम्भवनाओं की जानकारी दी जाएगी।

..................

जैसलमेर में इन दिनों प्रवासी पक्षी यूरोपियन रोलर देखे जा रहे हैं। दक्षिण–पश्चिम यूरोप से करीब 10 हजार से अधिक किलोमीटर की यात्रा कर ये पक्षी लाठी क्षेत्र के धोलिया गांव के पास डेरा डाले हुए हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

..................

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 को लेकर संयुक्त अरब अमीरात में अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर रोड शो के बाद कल कतर की राजधानी दोहा में रोड शो का आयोजन किया गया। इसमें उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कतर सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी मोहम्मद बिन हसन अल मल्क से मुलाकात की और कतर सरकार के प्रतिनिधियों को समिट में भाग लेने

के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल ने रियल एस्टेट और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी और कतर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अधिकारियों से भी मुलाकात की। दोहा इन्वेस्टर रोड शो में निवेशकों को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री कर्नल राठौड़ ने कहा कि "प्रदेश की बेहतरीन भौगोलिक स्थिति और प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के बीच राजस्थान, व्यापार के लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन में से एक के रूप में उभर रहा है।

..................

शारजाह इन्वेस्टमेंट फोरम 2024 का 7वां संस्करण कल समाप्त हो गया। इस दौरान "स्मार्ट अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक भविष्यवादी दृष्टिकोण" पर दो दिनों तक गहन चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में 80 से अधिक प्रतिष्ठित वैश्विक वक्ता एक साथ आए और मुख्य भाषण, पैनल चर्चा और इंटरैक्टिव कार्यशालाओं सहित 100 से अधिक सत्र आयोजित किए गए। इस वर्ष के फोरम में भारतीय व्यापारिक नेताओं और निवेशकों की महत्वपूर्ण उपस्थिति देखी गई, जो संयुक्त अरब अमीरात और भारत के बीच बढ़ते आर्थिक संबंधों को रेखांकित करता है।

..................

प्रदेश में विभिन्न हादसों में सात लोगों की मृत्यु हो गई। बांसवाड़ा के भगोरा का खेड़ा पेट्रोल पंप के पास कल देर शाम तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से मोटर साइकिल पर सवार एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई, जबकि गंभीर घायल पिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बांसवाड़ा की ही महुडा ग्राम पंचायत में तालाब में नहाने गईं दो बहनों की डूबने से मृत्यु हो गई। भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा भीम राष्ट्रीय राजमार्ग पर कीडीमाल गांव के पास कल देर रात बजरी से भरे डंपर और कार की आमने–सामने की टक्कर में कार में सवार दो लोगों की मौत हो गई।

..................

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेशभर में कई स्वच्छता जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस कड़ी में हनुमानगढ़ में आज ''एक दिन, एक पेड़, स्वच्छता के नाम'' के तहत जिलेभर में पौधारोपण किया जाएगा। इससे पहले कल रावतसर नगरपालिका में संवाद कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सोना देवी ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और नगर पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था में नवाचार पर अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने और शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। झालावाड़ में झालरापाटन नगरपालिका ने चौपाटी पर लगे फास्ट फूड के ठेले वालों को डस्टबिन वितरित किये और सफाई रखने के लिए पाबंद किया। इस दौरान सभी ठेले वालों को स्वच्छता की शपथ भी दिलवाई गयी। इसके अलावा पिड़ावा के नगर पालिका क्षेत्र में पालिका उपाध्यक्ष राजू माली ने जागरुकता कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ उपस्थित लोगों को स्वच्छता एप डाउनलोड करवाया और सफाई का महत्व बताया।

अजमेर में उत्तर पश्चिम रेलवे मंडल की ओर से जीएलओ स्पोर्ट्स ग्राउंड से आना सागर चौपाटी तक साइकिल रैली निकाल कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। रैली में मंडल रेल प्रबंधक आलोक अग्रवाल, कर्मचारियों और स्कूली बच्चों सहित आर पी एफ के जवानों ने हिस्सा लिया।